

# पुलिस ने एक कार और पकड़ी, तेल व्यापारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

## पार्षद प्रतिनिधियों को टक्कर मारने वाली कार कोतवाली में खड़ी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, 16 जुलाई, शनिवार रविवार की दरमियानी रात पार्षद प्रतिनिधियों को टक्कर मारने वाली कार को पुलिस ने बरामद किया है.पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए स्वर्णकार कालोनी स्थित एक तेल व्यापारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. बुधवार को दिन भर पुलिस इस मामले में कार चलाने वाले युवक की तलाश कर रही है. जिसने शाम को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है. इस पूरे मामले में पुलिस जानकारी देने से बच रही है.**




पार्षद प्रतिनिधि जमुना कुशवाह और धर्मेंद सक्सेना अपनी मोपेड से मंडी की तरफ से खरीफाटक रोड तरफ आ रहे थे इसी दौरान पीछे से आ रही एक बलेनो कार ने मोपेड को टक्कर मारी और तेजी से ब्रिज तरफ भागती दिखाई दी.पुलिस ने अस मामले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी. मामला हाईप्रोफाईल होने के चलते एसपी ने मामले की जांच के लिए दो टीआई की टीम के एसआईटी बनाई थी. जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को एक कार भी बरामद की थी लेकिन जांच में जो कार मिली उसके मालिक ने टक्कार मारने की बात से साफ इंकार कर दिया. जिसके बाद पुलिस ने नए सिरे से टक्कर मारने वाली कार की तलाश शुरू की. जिस इलाके में एक्सीडेंट हुआ था उस इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई जिसके आधार पर पुलिस कार को बरामद कर लिया और तेल व्यापारी राजेंद्र जैन को पूछताछ के लिए मंगलवार की रात थाने लाया गया. बुधवार को हुई दिन भर पूछताछ के बाद राजेंद्र जैन के बेटे रितिक जैन ने शाम को कोतवाली पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया. रितिक ने टक्कर मारी है या नहीं इस बात का पुलिस ने खुलासा नहीं किया. न ही पुलिस ने यह जानकारी दी कि रीतिक ने टक्कर मारने की बात कूबूल की है कि नहीं. बुधवार की शाम को जांच टीम में शामिल पुलिस अधिकारी बरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेते रहे. पुलिस ने जो कार बरामद की है उसके अगले हिस्से में डेमेज के निशान भी नजर आ रहे हैं.

### निकल सकता है पुराना विवाद, निकाली जाएगी कॉल डिटेल

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि वार्ड नंबर 23 में पार्षद प्रतिनिधि जमुना कुशवाह ने अपने वार्ड में सड़क का निर्माण करा रहे थे उस समय तेल व्यापारी से जमुना कुशवाह का विवाद हुआ था और मामला पुलिस तक भी पहुंचा था. जिसमें कोई एफआईआर तो नहीं हुई थी जिसे आपसी तालमेल से सुलझा लिया गया था. बताया जा रहा है कि उसी विवाद का बदला लेने के लिए रितिक ने जमुना कुशवाह का कार से एक्सीडेंट किया था. इस मामले में कुछ पार्षदों ने मांग की है कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है उसमे यह भी शमिल किया जाए कि उस दिन रितिक जैन के मोबाइल पर कितने लोगों के फोन आए और किस किस से बात हुई है. टक्कर मारने वाले ने अचानक से टक्कर मारने का फैसला लिया या फिर पूरी प्लानिंग के साथ वारदात को अंजाम दिया है.

## बिजली की मांग को लेकर रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
विदिशा,अहमदपुर रोड पोल फैक्ट्री के पास सांईधाम कॉलोनी के रहवासी कलेक्टोरेट पहुंचे और विद्युत समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कॉलोनी का निर्माण हुए करीब 12 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक बिजली के खंभे नहीं लगे हैं जिसके कारण से लोगों को काफी दूर से बिजली की व्यवस्था करना पड़ रही है उन्होंने जल्द से जल्द विद्युत पोल लगाने की मांग की है.अहमदपुर रोड फैक्ट्री के पास सांई धाम कॉलोनी के रहवासी मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर के नाम आवेदन लेकर कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करने की मांग की.इस दौरान उन्होंने बताया कि कॉलोनी का निर्माण हुए करीब 12 वर्ष हो चुके हैं लेकिन कॉलोनी में अब तक विद्युत पोल नहीं लगाए गए हैं.जिसके कारण से रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने कहा कि अपने घरों को रोशन करने के लिए काफी दूर से विद्युत केबल के द्वारा बिजली ला पा रहे हैं और हवा या आधी में जब बिजली की केबल टूट जाती है तो करंट फैलने का डर बना रहता है.

# कभी भी गिर सकते हैं मकान, नपा बेखर

## रोड के निर्माण की मिली मंजूरी, शुरू नहीं हुआ काम

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, शहर की अधिकांश सड़कों की हालत बेहद खराब हो चली है, जिनकी मरम्मत शुरू नहीं हो पा रही है. वहीं कई ऐसी सड़के और नाले है जिनके निर्माण की मंजूरी हो चुकी है और टेंडर भी निकल चुके है लेकिन काम शुरू नहीं हो पा रहा है.विदिशा के करैया खेड़ा रोड स्थित पीएचई ऑफिस के सामने बह रहा नाला इन दिनों गंभीर खतरे की स्थिति में है.**

इस नाले के निर्माण हेतु टेंडर और वर्क ऑर्डर कराए जा चुके हैं, बावजूद इसके कार्य शुरू नहीं हुआ है.नाले के दोनों ओर बसे घर अब गिरने की कगार पर हैं. लगातार बारिश के कारण नाले के किनारे की मिट्टी तेजी से कट रही है और किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है.विधायक, एसडीएम और नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और न ही निर्माण शुरू हुआ. स्थानीय निवासी कई बार सीएमओ को लिखित आवेदन भी दे चुके हैं, लेकिन हर बार अनदेखी की जा रही है.




### एक ठेकेदार पर कई काम, नहीं करते कम बजट वाले काम

बताया गया कि नगर पालिका में कई ठेकेदार काम करे रहे और ठेका भी ले रहे हैं एक ठेकेदार के पास कई काम होने के चलते ठेकेदार छोटे कामों की तरफ गौर नहीं करते वह बड़े बजट वाले काम करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते है क्योंकि उसमे मुनाफा ज्यादा होता है. बताया गया कि जिस ठेकेदार ने ठेका लिया है उसके पास और ठेके हैं जिसके चलते काम अटका हुआ है.इसके अलावा कई पार्षद और ठेकेदार मिलकर निर्माण कार्यों का ठेका ले रहे हैं जिसके चलते अधिकारी भी कार्रवाही करने से कतराते हैं.

# बजाज मशीनरी दुकान में लगी आग, हुआ लाखों का नुकसान

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** स्टेशन क्षेत्र स्थित बजाज मशीनरी दुकान में लगी आग लाखों की सामग्री जलकर हुई खाक आज शाम को 6.35 बजे अचानक बजाज मशीनरी दुकान में आग लगने से लाखों रुपए के प्लास्टिक पाइप तथा ऑयल पेंट व अन्य सामग्री जो गोदाम में रखी हुई थी.भयंकर आग की चपेट में आने से आग ने विकराल रूप ले लिया.ऑयल पेंट का अधिक नुकसान हुआ है. 100 फीट में यह दुकान फैली हुई थी. दूसरी मंजिल पर भी ऑयल पेंट के प्लास्टिक डब्बे रखे हुए थे.वह आग पड़ गए लोगों का कहना है नुकसान करोड़ों रुपए का हुआ है.इससे भारी भीड़ सड़कों पर आ गई.जिससे पूरी सड़क पर जाम लग गया.आसपास के दुकानदारों तथा नागरिकों ने दुकान के बाहर रखी सामग्री को उठाया.बताया गया कि दुकान में बेल्डिंग का काम चल रहा था.संभवत:शार्टसर्किट से आगजनी हो सकती है.




## अभाविप ने किया विरोध प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** उड़ीसा के एक कॉलेज में छात्रा से प्रोफेसर द्वारा दुष्कर्म की घटना के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया.इस दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद तिराहे से एक रैली निकाली.इसके बाद कलेक्टोरेट पहुंचकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की गई.साथ ही आरोपी प्रोफेसर पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई.परिषद ने इस संवेदनशील मामले को राजनीतिक रंग देने पर एनएसयूआई की आलोचना की है.कार्यकर्ताओं ने कहा ऐसे गंभीर मामलों में राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है.

# पौधरोपण और केक काटकर मनाया विद्या इंटरनेशनल स्कूल ने तीसरा स्थापना दिवस



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** विद्या इंटरनेशनल स्कूल गेहूं खेड़ी ने अपना तृतीया स्थापना दिवस अपने विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ केक काटकर एवं पौधारोपण कर मनाया.इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ एवं छात्र एवं छात्राओं ने पौधारोपण किया एवं उसके महत्व को जाना. विद्यालय के संचालक अभिनय वर्मा ने बताया कि आज के इस प्रदूषित वातावरण में वृक्षों का क्या योगदान है, यह हम सभी जानते हैं. इसलिए विद्यालय प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है कि हम प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस पर इसी तरह से पौधारोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने में विद्यालय का निरंतर योगदान देते रहेंगे.

नि:शुल्क सेवा
♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के ठीक बाजू में बने सेवाघर आकर कृपया संपर्क करें

जल्द ही बजेगा
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित



www.vikaspachori.in




## कथा में हुआ श्रीराम जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** स्थानीय विनायक बैंक्विट हॉल में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एंव श्री राम कथा महोत्सव के चौथे दिन आज कथा व्यास पंडित संतोष शास्त्री ऋषि ने त्रेता युग में राम अवतार के विभिन्न हेतुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया -राम जन्म के हेतु अनेका परम विचित्र एक ते एका- इसी में से एक नारद मोह प्रसंग है जिसमें भगवान की परम भक्त नारद ने ही उन्हें शाप दे दिया था जिससे बैकुंठ छोड़ उन्हें धरा धाम पर आकर राक्षस राज रावण का उद्धार करना पड़ा. धर्म की स्थापना राम अवतार का प्रमुख हेतु है- जब जब होइ धर्म की हानि बाढ़हि असुर अधम अभिमानी-इसलिए भगवान श्री राम के संबंध में कहा गया है रामो विग्रहहवान धर्म अर्थात राम धर्म के सरकार विग्रह हैं पुत्रेष्टि यज्ञ से प्राप्त हुई खीर को तीनों रानियां मैं बांटने पर नवमी तिथि चैत्र मास में भगवान श्री राम अपने तीन भाइयों सहित प्रकट हुए इस तरह आज श्री राम कथा महोत्सव के दौरान भगवान श्री राम की प्रकट की रोचक कथा सुनकर सभी भक्त भावविभोर हो गए. इस अवसर पर मंच से बधाइयां प्रस्तुत की गई बधाइयों को सुनकर सभी श्रद्धालु नर नारी बालिकाएं झूम उठे और नृत्य करने लगे.

# बेतवा लायन क्लब का हुआ संस्थापन समारोह

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,मंगलवार को बेतवा लायन क्लब के 12वें अध्यक्ष के रूप में सीमा शर्मा को संस्थापन समारोह में समारोह पूर्वक शपथ दिलाई गई.कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमजेएफ महेश मालवीय एवं संस्थापन अधिकारी एमजेएफ अतुल रतनशी शाह द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया.ध्वज वंदना अनुषा सैनी द्वारा एवं स्वागत गीत अर्चना सोनी द्वारा किया गया.परंपरा के तहत पूर्व अध्यक्ष अंजू मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा गत वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया.**




शपथ विधि कार्यक्रम में अध्यक्ष सीमा शर्मा, सचिव रेखा यादव एवं कोषाध्यक्ष नवनीता पाण्डेय को शपथ दिलाई गई.साथ ही बेतवा क्लब की कार्यकारिणी जिसमें रश्मि चंदेल, अनुषा सैनी, सुचिता सराफ, खुशबू साहू लियो की अध्यक्ष, आरती शर्मा, मिथिलेश साहू, प्रतिभा सिंह, अर्चना सोनी, मंजीता परमार, स्वाति चौकसे, अनामिका श्रीवास्तव, नविता कुमार, रजनी शर्मा, निशा चौकसे को भी शपथ दिलाई गई.

अतिथियों द्वारा लायनवाद को आगे बढ़ाने और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को स्थाई रूप से करने का निर्देश दिया.पूर्व अध्यक्ष अंजू मित्तल एवं टीम के कार्यों की प्रशंसा की.संध्या सिलाकारी द्वारा क्लब के इतिहास पर प्रकाश डाला गया. सीमा शर्मा द्वारा इस वर्ष को और भी बेहतर सेवा कार्यों को करने का आश्वासन दिया गया. इस अवसर पर लायन अतुल शाह द्वारा नीम के पौधे पूरे सदन को वितरित कर पर्यावरण को सुधारने की कोशिश में सहयोग किया.सचिव रेखा यादव द्वारा स्वनिर्मित वेस्ट प्रोडक्ट द्वारा गमले पौधों सहित अतिथियों को कपड़े के थैले वितरित किए गए.कार्यक्रम में रीजन चेयर पर्सन मुदित बंसल एवं जोन पर्सन अनामिका पचौरी उपस्थित थे.

## दिवस बसेरा पर डले हैं ताले

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, मध्य** प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटकों के लिये दिवस बसेरा का निर्माण कराया है.जिस पर इंटेक भोपाल चेपटर के कंविनर ने लगा रखे है ताले, सावन के सोमवार में आने बाले सेकड़ो काबरियों को नहीं है रुकने की व्यवस्था, यदि दिवस बसेरा को खुला रखे तो आने बाले श्रद्धांलु बरसते पानी मे आश्रय ले सकते हैं. साथ ही ग्राम मे नहीं है कोई भी स्वच्छता परिसर जिससे आने वाली महिलाओं को बहुत परेशानी होती है.पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री द्वारा तात्कालिक सीईओ भगवान सिंह राजपूत को निर्देशित किया गया था की उदयपुर में पर्यटकों को देखते हुए स्वच्छता परीक्षण का नया एस्टीमेट बनाकर मेरे पास लेकर आओ जिससे मैं अपने मद से राशि मंजूर करूंगा परंतु आज तक उस पर किसी भी तरह का अमल नहीं हुआ है.जबकि ग्राम पंचायत में सन 2021 का स्वच्छता परिसर मद 3 लाख 40 हजार रुपए है कम राशि को देखते हुए इतने में पूरा नहीं हो पाएगा के बाद निर्देशित किया गया था आज आने वाले आगंतुकों को स्वच्छता परिसर की कमी अत्यंत खलती है साथ ही 12 महीने प्रतिदिन सैकड़ो दर्शनार्थ उदयपुर स्थित उद्देश्य पर मंदिर एवं आसपास के पर्यटक स्थलों को देखने के लिए आते हैं.





राहत

## बिना डिग्रीधारी डॉक्टर से इलाज कराने के बाद बिगड़ गई थी मरीज की हालत

# झोलाछाप डॉक्टर ने किया इलाज, बिगड़ी हालत, सरकारी अस्पताल से मिली राहत

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,गजंबासौदा के रहने वाले एक मरीज ने पहले झोलाझाप डाक्टर से अपना उपचार कराया.लेकिन कोई लाभ नहीं मिला,उलटा उनकी तबियत और अधिक बिगड गई.हालत खराब होते देख परिजन मरीज बंटी प्रजापित को जिला अस्पताल लेकर आए,जहां उन्हे भर्ती किया गया. जिला अस्पताल के डाक्टरों ने मरीज की जांच की तो पता चला की,मरीज बंटी के पेट की आंते फट गई हैं. इसके बाद जिला अस्पताल के डाक्टरों ने मरीज के पेट का ऑपरेशन किया.ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत में सुधार है.मरीज और मरीज के परिजनों ने आपरेशन करने वाले डाक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया है.**



अस्पताल में भर्ती गंजबासौदा निवासी 40 वर्षीय बंटी प्रजापति को लगभग 15 दिन पहले पेट में दर्द की शिकायत हुई थी. बंटी प्रजापति ने बताया कि वह स्थानीय बिना डिगीधारी डॉक्टर से इलाज कराते रहे ,जिससे मेरे पेट में दर्द बढ़ता चला गया. जब दर्द असहनीय हुआ तो बंटी प्रजापति 12 जुलाई को जिला चिकित्सालय में इलाज कराने के लिए शाम 6 बजे भर्ती हुए. जांच के उपरांत पता चला कि बंटी प्रजापति की आतें फट गई हैं. गंभीर अवस्था में भर्ती हुए मरीज का तुरंत ही पेट खोलकर छिद्र को बंद करने का ऑपरेशन डॉक्टर अनूप वर्मा सिविल सर्जन एवं सर्जरी विशेषज्ञ के नेतृत्व में सर्जरी की टीम जिसमें डॉक्टर विनय गोलंदाज,डॉ. पीसी मांझी, डॉ. गौरव रघुवंशी,अंकित श्रीवास्तव के द्वारा सफलता पूर्वक आपरेशन किया गया.वर्तमान में मरीज बंटी प्रजापति की हालत ऑपरेशन के पश्चात स्थिर है.आपरेशन सफलता से होने पर बंटी प्रजापति एवं उनके परिजनों ने सिविल सर्जन डॉ.अनूप वर्मा और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया है.जिनके प्रयास से मरीज की जान बचाई गई है.

फाइन आर्ट्स में कॅरिअर के मौके



- कॉमर्शियल आर्ट गैलरी मैनेजर
- कम्युनिटी आर्ट वर्कर एग्जिबीशन डिजाइनर
- फाइन आर्टिस्ट ग्राफिक डिजाइनर
- हायर एजुकेशन लेक्चरर
- आर्ट थेरेपिस्ट
- आर्ट एडमिनिस्ट्रेटर
- स्टेट्स मैनेजर
- इंटीरियर एंड स्पैटियल डिजाइनर
- म्यूजियम/गैलरी क्यूरेटर
- म्यूजियम/गैलरी एग्जबीटर